दैनिक भास्कर

सतत विकास को सटीक आंकड़े होना जरूरी

पटना| सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सटीक, विश्वसनीय एवं समयबद्ध आंकड़े अत्यंत आवश्यक हैं। यह बात योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बुधवार को फुलवारीशरीफ में हुई कार्यशाला में कही। 'सतत विकास लक्ष्यों की मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क, पर्यावरणीय लेखांकन एवं जेंडर सांख्यिकी' विषय पर कार्यशाला हुई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा योजना एवं विकास विभाग ने आयोजन किया। उद्‌घाटन सत्र में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डाटा प्रभावी नीतियों की आधारशिला है। बिहार को पूर्वी भारत के टेक हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। सरकार आैद्योगीकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है। कार्यशाला में 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यावरणीय लेखांकन, जेंडर सांख्यिकी को सुदृढ़ करने बल दिया गया।